1205 hours

Further discussion on the Motion of Thanks on the President's Address moved by Shri Madan Lal Khurana on the 16th March, 2000 and seconded by Dr. Nitish Sengupta. (Concluded)

SHRIMATI SONIA GANDHI (AMETHI): Mr. Speaker, Sir, I rise to join the hon. Members who have spoken earlier in expressing my thanks to the hon. President for his gracious speech addressed to the Joint Sitting of the two Houses.

It is, however, a matter of regret that the Government should have drafted for the hon. President a speech so lacking in vision, in commitment and in consistency and revealing no appreciation of the grave challenges which are facing our nation.

**एक माननीय सदस्य :** आप हिन्दी में बोलिये।

**श्रीमती सोनिया गांधी (अमेठी) :** अगली बार कोशिश करूंगी।

SHRI VAIKO (SIVAKASI): You continue in English. We would like to hear you. ...(*Interruptions*)

SHRIMATI SONIA GANDHI : This speech, it seems to me, is designed only to cover up for the many sins of commission and omission committed by this Government ever since it has come to power. But luckily for us and luckily for our nation, our people are aware and our people are alert to the disturbing reality of contradiction which characterises this Government.

The single most important duty devolving on a Prime Minister is the safeguarding of our nation. The quintessence of India's culture and of India's civilisation is our secularism. Secularism is what has defined us for a millennium. Secularism is the bedrock of our nation. That secularism has been under repeated assault and attack over the last two years by the `Sangh Parivar', which constitutes the bedrock of the BJP Government.

The Prime Minister, I do admit, has from time to time attempted to deflect this assault. But I must add, the Prime Minister has done so not out of deep conviction but he has done so out of compulsion to protect the very fragile coalition that he heads and that too after very long, very prolonged and aggravating delays and under intense pressure not only from the Opposition but some of his own coalition partners.

Our quarrel, I would like to point out is not with the stance on secularism of the National Agenda for Governance. Our quarrel is with the not-so-hidden agenda of those to whom the largest single component of the NDA has pledged its first loyalty. I wish to assure this House and the country through this House that the Congress will be unrelenting in its century-old struggle to preserve the secular traditions of our great nation. We will stand up to all forces − overt or covert − which are engaged in subverting the most essential principle of our nationhood. We are prepared to do so in concert with all sections of the House who believe that secularism is much more important than the passing glories of ministerial office.

So with economic policy, we share the concerns of the Opposition as well as some of the NDA coalition partners over the anti-people policies which this Government is pursuing. There is no weakening, I can assure you, on our will for reforms as alleged by the hon. Minister of Finance and others.

But it is the collapse of growth levels to under six per cent as opposed to nearly eight per cent growth attained when the Congress Government demitted Office in 1996, which is, for us, the real issue. It is the alarming weakening of the Government policies in regard to the poor, which is, for us, the real issue.

The burden and pain caused by the changes necessitated by reforms must not and cannot be allowed to fall on the shoulders of the poor or the deprived only. The burden that they carry − we all know − is much too heavy already and in the last year, it is they who have suffered the most.

Agriculture, which is the single most important determinant of India's prosperity, has declined. Agricultural output and food grain production have fallen. The same has been true of non-farm rural income. The poor performance on the agricultural front should have, to our mind, galvanised the Government into concerted action to strengthen the anti-poverty and employment programmes, but what did this Government do instead? This Government allowed the performance of a large number of poverty alleviation programmes to fall to a shockingly low level.

The renamed Jawahar Rozgar Yojana, the Employment Assurance Scheme, the Swarna Jayanti Gram Swarozgar Yojana, the Nehru Shehari Swarozgar Yojana, the Watershed and Desert Development Programmes, the Drought-prone Areas Programme, the Indira Awas Yojana and the Drinking Water Scheme, all but all, have registered an

alarmingly steep decline. This Government, it seems to me, is more inclined to changing names of existing programmes and disrupting on-going programmes than dealing with the real concerns of the needy.

No wonder then that according to recent studies, whereas poverty ratio fell by half in the quarter century from Indiraji's Garibi Hatao Programme to the last Congress Government, there has been very little improvement in the lot of the weaker sections through the past four years, and I am afraid, none at all during the last year. Yet, what has the Government's response been to these happenings? Instead of launching an assault on poverty, the Government has actually launched an assault on the poor.

At the precise moment, when the poor and the deprived are most in need of support from the Government, the Government has completely messed up the food security system, massively increasing the issue prices of PDS for all, and most tragically for the poor. Steep increases in the prices of cooking gas and kerosene have compounded the misery of crores and crores of women. The hike on diesel prices has added to the woes of the farmers and ordinary city travellers.

On the social side, the Government ought to have made a special effort to provide universal secular − I repeat, secular − accessible primary education, greater employment opportunities to the youths, quality and affordable health cover to remote areas.

The Government ought to have taken concrete steps to ensure economic and social empowerment to women. Along with poor, the *kisans* and the small entrepreneurs have become the victims of this Government's unjust policies. How can fertiliser subsidy be so drastically cut when stagnating agriculture sector desparately needs all the incentives it requires to maintain the country's hard-won self-sufficiency in food and other essential agricultural commodities? At a time when the industry requires a transition period to adjust to global competition, this Government has hurriedly and secretly − I repeat secretly − advanced the date of removal of controls on imports by two years. May I remind this august House that the announcement of this betrayal did not come from Delhi, but came from Washington? So much for those who claim a monopoly on nationalism. In my travels and in my interaction with the people of different walks of life, especially with the deprived, I have come to understand that there is a strong belief that concern for the poor, for the deprived and their problems take a distant second place to the solicitude reserved for more affluent classes.

At the time of War, when our nation was in need of all the resources it could possibly muster, the Government succumbed to the demands of the telecom players. To prevent the stock market bubble from bursting, this Government is prepared to sacrifice even the larger economic interests. We in the Congress Party have consistently been raising serious questions on the way decisions have been taken in various sectors, like steel, power, sugar, wheat imports and disinvestment. These questions, to this day, remain unanswered. We have also been extremely concerned with the cavalier and not at all transparent fashion in which vital decisions are being taken with regard to public sector. In the case of Modern Food disinvestment, it appears that value of land assets of the Company far exceeds the amount for which it has been sold to the multi-national company. Now, we hear that more such plans and actions are in the offing. My colleague, Shri Priya Ranjan Dasmunsi, has brought the case of IISCO to my notice, where apparently same sort of decision is going to be taken. Can the Government continue to betray the trust of the people in such a manner again and again?

Inevitably, this Government has also bent its knees in the international arena. The nation watched in shocked dismay as the hijackers of IC-814 and their terrorist backers were shamefully appeased. The sight of the External Affairs Minister escorting to Kandahar men who had been imprisoned for their crimes, will not − I repeat will not − be erased from the mind of our people. The Congress Party is also extremely concerned at the creeping dependence on external intervention in the affairs of our region.

Mr. Speaker, Sir, the sharp deterioration in the internal security situation in Jammu and Kashmir as well as the continuing failure to stem or to moderate infiltration across the LoC, not withstanding the empty boasts we used to hear before Kargil, are a matter of deep, deep concern to all of us. There does not seem to be any progress either in political initiatives to restore normalcy or in diplomatic action.

Externally sponsored terrorism is on the increase in the North-Eastern areas of our country. I must point out to this House that instead of provoking further disruption by threatening the repeal of the IMDT Act, instead of concentrating on its implementation, the Government is actually aggravating matters in that most sensitive border region of our country. Promises of special packages and reserving 10 per cent of the Budget expenditure for the North-East have been made again and again but I am afraid they remained very much on paper. They are not fulfilled.

Mr. Speaker, Sir, of late, we have also heard conflicting statements on Non-alignment. I would like to point out that the Non-alignment was not just our response to a world divided by power blocs. Non-alignment was an assertion of our sovereignty in our external affairs. It was the self-reliant foreign policy of a self-confident, peace-loving country. That independence of thought and action in international affairs is now in jeopardy as foreign policy, I believe, lurches from one misplaced enthusiasm to another with very poor preparation and little regard for the long-term.

The country, we all know, has had to pay a heavy price for the naivete of the Lahore Bus ride at a time when the Government ought to have known, and, I believe at a time when the Government did know that our frontiers were being breached by our hosts. Now, all of us in the Congress and in other parties, must be vigilant. Our fundamental national interests cannot be compromised as this Government stumbles from one ill-thought out action into another.

But, Sir, before I conclude, I would like to say a word about the States which are now facing tremendous odds because of the drought. I am told that we have food stocks which according to experts are almost double of what is required for the food security of our country. I would, therefore, urge the Government, through you, to urgently increase the pace of food for Work and other relief programmes and measures in all those affected areas. During the Orissa cyclone, the Government never quite provided required help to the people of Orissa. There was a very definite and strong perception that this was done because there was an Opposition Government in power. Mr. Speaker Sir, I would, therefore, through you, urge the Prime Minister not to deal with this problem with a cold political heart but with a just and benevolent one desiring to help all its suffering people regardless of their political leanings.

Mr. Speaker, Sir, we thank the President for his Address, but we regret that it contains no recognition of the Government's many failings and the damage this has inflicted on our beloved nation. Thank you.

**प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) :** अध्यक्ष महोदय, महामहिम राट्रपति जी ने संसद के संयुक्त अधिवेशन में जो अभिभाण दिया और जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं, उसके लिए सारा सदन उनका आभारी है तथा उन्हें धन्यवाद देता है। अभी राट्रपति जी फ्रांस की सफल राजकीय यात्रा करके आए हैं, जिससे भारत की प्रतिठा बढ़ी है और फ्रांस के साथ हमारे मैत्री संबंधों में और भी प्रगाढ़ता आई है।

अध्यक्ष महोदय, इस चर्चा में 28-29 माननीय सदस्यों ने भाग लिया। श्रीमती सोनिया गांधी ने अपना मेडन भाण दिया, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं।...(व्यवधान) राट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की हमारी सरकार दो वर्ा से अधिक समय से काम कर रही है। यह ठीक है कि बीच में एक चुनाव हुआ था और 12वीं लोकसभा की जगह हम 13वीं लोकसभा के सदस्य हैं, लेकिन दो साल के कार्यकाल को उसकी समग्रता में देख कर ही हम ठीक-ठीक मूल्यांकन कर सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि हम थोड़ा पीछे मुड कर देखें। कारगिल पहुंचने के लिए पोखरन तक जाना होगा। पोखरन के समय क्या स्थिति थी, देश की शक्ति भले ही प्रकट हुई हो, लेकिन अंतर्राट्रीय जगत में हमें तीव्र आलोचना का शिकार होना पड़ा था। इतना ही नहीं घर में कुछ आवाजें सुनाई दी थीं, जिसमें कहा गया था कि पोखरन के कारण भारत अलग-थलग पड़ जाएगा। पोखरन से कारगिल रास्ता गया, दोनों मई महीने में हुए- एक 1998 में हुआ और एक 1999 में हुआ, लेकिन दोनों में कितना अंतर है। क्या कोई कह सकता है कि भारत हमारी नीति के कारण अलग-थलग पड़ गया है? क्या कोई कह सकता है कि भारत की दुनिया में साख गिरी है। हम भी आलोचना करते थे और फिर अगर उधर बैठने का मौका मिला तो आपको बताएंगे कि कैसे आलोचना की जाती है।

अब अगर आप हमें मौका नहीं देंगे तो हम मजबूर हैं। अध्यक्ष महोदय, अभी भी लाहौर बस यात्रा की आलोचना हो रही है। आप उसे किसी भी नजर से देखें लेकिन लाहौर बस यात्रा के कारण भारत की यह साख जमी कि भारत सचमुच में शांति चाहता है और इसके लिए अतिरिक्त मील तक चलने के लिए भी तैयार है। सारा संसार प्रशंसा कर रहा है और हमारा प्रतिपक्ष ! क्यों ऐसा हो रहा है।â€¦( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :** कारगिल से अमरीका के कहने पर हमने फौजे हटाई हैं।â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, दो साल से हमारी यात्रा एक आगे बढ़ते हुए राट्र की यात्रा है। भारत पुराना राट्र है मगर इस समय भारत जवान है, क्योंकि अधिकांश जनसंख्या जवान लोगों की है। आज 60 प्रतिशत लोग 35 वर्ा से कम आयु के हैं और हमें उनकी अपेक्षाएं पूरी करनी हैं। उनके लिए विकास के अवसर जुटाने हैं।

पोखरन के बाद आर्थिक प्रतिबंध लगे थे और हमने उनका सामना किया। अभी भी प्रतिबंध लगे हुए हैं मगर जिस देश ने प्रतिबंध लगाए, उसकी समझ में आ गया कि भारत की यात्रा करना जरूरी है। इसके पीछे भारत की बढ़ती हुई शक्ति है और यह शक्ति कोई दो साल में या दो दिन में पैदा नहींहुई है,यह मैं स्वीकार करता हूं। इसके निर्माण में जो आज प्रतिपक्ष में बैठे हैं उनका भी योगदान है और हम उनका योगदान स्वीकार करने को तैयार हैं, मगर वे हमारा योगदान स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। हमारा नाम लेने में भी कभी-कभी उन्हें संकोच होता है।â€¦( व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मुझे याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि जब कारगिल की लड़ाई हुई तो देश में कामचलाऊ सरकार थी, चुनाव आने वाले थे और शायद यही वक्त देखकर हमें हमले का निशाना बनाया गया था। लेकिन हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई, सेनापतियों ने ठीक संचालन किया और हमें विजय मिली और वह विजय पूरे देश की विजय थी।

बंगला देश के युद्ध के बाद और स्वतंत्र बंगला देश के निर्माण के बाद मैं प्रतिपक्ष के नेता के नाते सदन में और सदन के बाहर बोला था। आप उन भााणों को देखिये और कारगिल विजय के बाद आप लोगों ने जिस तरह की भाा बोली, वह भी आने वाला इतिहास देखेगा।â€¦( व्यवधान)

**श्री मणि शंकर अय्यर (मयिलादुतुराई) :** चीन के हमले के बाद आपने क्या कहा था, उसको भी आप पढ़िये।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, विगत दो वाौं में राट्र के जीवन में जो परिवर्तन आया है उसका कारण राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता है।

हम संयुक्त सरकारों के युग में चले गए। न-न करते हमारे प्रतिपक्षी मित्रों को भी सरकारों में शामिल होना पड़ रहा है। यह बात अलग है कि वह विधायक दल के सभी

सदस्यों के मंत्री बनने पर सरकार में शामिल होते हैं। हमारे यहां 24 दल हैं लेकिन हम उनके साथ ठीक तरह से मिल कर काम कर रहे हैं। उसके लिए सभी दलों को अपने दायित्व को पूरा करना होगा लेकिन उसके बाद भी जो राजनैतिक स्थिरता कायम हुई है, उससे देश आगे बढ़ा है, देश और आगे बढ़ेगा। कई ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं होती हैं जैसे हाल में कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश में ईसाई मत के मानने वाले बन्धुओं को हमले का निशाना बनाया गया। सारा सदन उसकी निन्दा करता है। उत्तर प्रदेश की सरकार से कहा गया है। गृह मंत्रालय इस बारे में पूरी जांच-पड़ताल कर रहा है। जो भी अपराधी हैं, वे पकड़े जाएंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी लेकिन यह दावा करना कि केवल एक पार्टी इस देश में सैकुलरिज्म को बचाएगी, यह देश के साथ न्याय करना नहीं है, देश की संस्कृति के साथ न्याय करना नहीं है। हम भी सैकुलरवाद में विश्वास करते हैं। हमारा सैकुलरवाद भेदभाव नहीं करता। सब धर्मों के साथ समान व्यवहार और सब का समान आदर किया जाए, यह सैकुलरवाद है, रचनात्मक सैकुलरवाद है। यह हमारे संविधान की एक बुनियाद है। सभी इसके प्रति प्रतिबद्ध हैं। इसे राजनैतिक या दलगत उद्देश्य के लिए प्रयुक्त नहीं करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, कल तक भारत और पाकिस्तान एक थे। अलग हो गए। पाकिस्तान खुश रहे, पाकिस्तान सबल हो, यह हमारी इच्छा है। उन्हें यह भ्रम अपने मन से निकाल देना चाहिए कि हमने पाकिस्तान के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया है लेकिन हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के साथ मित्रता के सम्बन्ध हों, घृणा के सम्बन्ध नहीं। भारत के विरोध पर या हिन्दुओं के विरोध पर पाकिस्तान अगर अपने भवि्य का भवन खड़ा करने का प्रयास करेगा तो उसे विफलता हाथ लगेगी। हमने लोकतंत्र अपनाया। सत्ता परिवर्तन शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा है, उसमें कठिनाइयां हैं, वह संक्रमण का काल है।, ये कठिनाइयां दूर हो जाएंगी लेकिन हमारे यहां बहुदलीय लोकतंत्र सफलतापूर्वक चल रहा है। पाकिस्तान ने लोकतंत्र का परित्याग कर दिया। जिस दिन दिल्ली में हमारी सरकार सवेरे शपथ ले रही थी, उसी दिन अखबारों में खबर छपी कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार भंग कर दी गई है, प्रधान मंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और सत्ता सेना ने सम्भाल ली है। ये दो दृश्य हैं जो भारत और पाकिस्तान को अलग करते हैं। पाकिस्तान की समझ में नहीं आ रहा है कि वह अलग-थलग क्यों पड़ता जा रहा है? कॉमनवैल्थ की बैठक में सब देशों ने पाकिस्तान को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन किया।

यह हमारे लिये आनंद की बात नहीं है लेकिन पाकिस्तान के लिये चिन्ता का वि्ा जरूर होना चाहिये कि पाकिस्तान क्यों अलग-थलग पड़ रहा है। हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंध सुधारना चाहते हैं लेकिन इसके लिये पाकिस्तान को पहल करनी पड़ेगी, उपयुक्त वातावरण बनाना पड़ेगा। अगर आतंकवादी गतिविधियां चलती रहीं, अगर आई. एस. आई. भारत के भिन्न-भिन्न भागों में अपनी सक्रियता बढ़ाता रहा, अगर नियंत्रण रेखा का उल्लंघन चलता रहा, अगर भारत के विरुद्ध घृणा का प्रचार जारी रहा तो ऐसी परिस्थिति पैदा नहीं हो सकती जिसमें सार्थक बातचीत की जा सके। इसलिये हमारी मांग है और मैं स्पट कर देना चाहता हूं कि पाकिस्तान की जनता के प्रति हमारे मन में सद्भाव और मित्र भाव है। जनता के स्तर पर संबंध सुधारने के प्रयत्न चल रहे हैं लेकिन सत्ताधीशों के मन में क्या है, इसके ऊपर बात निर्भर करेगी कि पाकिस्तान किस तरह से बातचीत करे। हम बातचीत के लिये लाहौर गये थे लेकिन पहुंच गये कारगिल। हम इस तरह की नई यात्रा नहीं करना चाहते । पाकिस्तान को अपना रवैया बदलना पड़ेगा। नियंत्रण रेखा का सम्मान होना चाहिये।

**श्री मणि शंकर अय्यर (;** यह कूटनीति नहीं है, ड्रामेबाज़ी है।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): Sir, Shri Mani Shankar Aiyar appears to be the villain of the drama.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी;** जो फिर से बातचीत के हक में है और उस बातचीत को किस परिणाम पर पहुंचाना चाहते हैं, उन्हें यह देखना होगा कि अब तक जो उनके साथ समझौते हुये थे, उनकी क्या स्थिति है? शिमला समझौता हुआ और उसका उल्लंघन किया गया। लाहौर घोाणा को अमान्य कर दिया गया। अब आगे इसके लिये बातचीत के लिये निमंत्रण दिये जा रहे हैं कि हमारे और समझौते हों और पुराने समझौतों के खंडहर के ऊपर नया करार खड़ा करने का प्रयास किया जाये, यह नहीं होगा। इस संबंध में सारा देश एक मत है। हम मित्रता चाहते हैं लेकिन मित्रता एकतरफा नहीं हो सकती।

अध्यक्ष महोदय, अमरीका के राट्रपति श्री बिल क्लिंटन द्वारा गत माह में जो भारत की यात्रा हुई, वह काफी उपयोगी रही। दोनों देशों के बीच संबंधो को गुणात्मक और एक नये आधार पर बढ़ाने में यह यात्रा योगदान देगी। हमें संतो है कि कश्मीर के सवाल पर अमरीका के रुख में परिवर्तन हुआ है और वह नियंत्रण रेखा का पालन किये जाने के पक्ष में है। राट्रपति श्री बिल क्लिंटन के यहां रहते हुये जम्मू कश्मीर में सिक्ख भाइयों का जो सामूहिक कत्लेआम हुआ, उसने अमरीकी मित्रों के दिमाग में यह बात साफ कर दी कि यह प्रश्न आतंकवाद के द्वारा अपनी बात मनवाने का है, इसमें लोगों की राय लेकर चलने का सवाल ही पैदा नहीं हुआ।

जम्मू-कश्मीर भारत का एक अटूट अंग है और अटूट अंग रहेगा। अमरीका का यह कहना कि रक्त के द्वारा सीमा रेखाएं नहीं खींची जा सकती हैं, एक अच्छा वक्तव्य है और हम विश्वास करते हैं कि इसी के आधार पर आगे के कदम उठाये जायेंगे।

आर्थिक व्यापार और इन्फॉर्मेशन टैक्नोलोजी के क्षेत्रों में भी भारत के बढ़ते हुए महत्व को अमरीका पहचानने लगा है। प्रेसीडेंट क्लिंटन और मेरे बीच में जो विजन स्टेटमैंट पर दस्तखत हुए, वह हमारे दोनों देशों के संबंधों को बहुआयामी रूप देता है और हमारे संबंध और भी व्यापक बनेंगे, बराबरी के आधार पर हमारी मित्रता चलेगी, यह हम विश्वास करते हैं। अमरीकी राट्रपति के आने से पहले यह भ्रम फैलाया गया था कि भारत पर दबाव डालने के लिए प्रेसीडेंट क्लिंटन आ रहे हैं और भारत पर सी.टी.बी.टी. पर दस्तखत करने के लिए वह दबाव डालेंगे। सी.टी.बी.टी. पर बातचीत हुई, स्पट बातचीत हुई, मित्रता के वातावरण में बातचीत हुई, दबाव का सवाल ही पैदा नहीं होता। हमने अगर दो साल में देश की साख बढ़ाने में सफलता पाई है तो उसका एक बड़ा कारण यह है कि हमने किसी शक्ति के दबाव में आने से इनकार कर दिया है। अमरीका भी हमारी स्थिति को जानता है। सी.टी..बी.टी. के संबंध में हम बातचीत कर रहे हैं, एक आम राय बनायेंगे और उसके बाद कोई फैसला करेंगे, आपकी सलाह से करेंगे, इस बात का मैं आश्वासन देना चाहता हूं।

एक प्रश्न जो कांग्रेस पार्टी के मतभेद के कारण खड़ा हो गया है, मैं चाहता हूं कि उसका भी उल्लेख कर दूं, उसका स्पटीकरण होना चाहिए। जब कांग्रेस पार्टी का प्र ातिनिधिमंडल राट्रपति क्लिंटन से मिला तो क्या बातचीत हुई, क्या मिनीमम न्यूक्लियर डिटेरेन्ट की बात हुई थी, स्वतंत्र न्यूक्लियर डिटेरेन्ट। क्योंकि कांग्रेस के एक प्र वक्ता ने कुछ कहा, दूसरे प्रवक्ता ने कुछ कहा। भ्रम हमारे मन में नहीं था, लेकिन अब आशंका पैदा हो गई है। श्रीमती सोनिया गांधी अगर चाहें तो स्थिति अभी स्पट कर सकती हैं।

â€¦( व्यवधान) गृह मंत्री जी का कहना है कि छोड़ दीजिए। मैं यह विवाद के लिए खड़ा नहीं कर रहा हूं। अगर कांग्रेस ने यह रवैया अपनाया है तो मैं उसका स्वागत करता हूं, क्योंकि न्यूक्लियर वि्ा पर पार्टियों में मतभेद नहीं होना चाहिए। जो पुराने प्रधान मंत्री थे वे भी बिना घोाणा किये हुए भारत को न्यूक्लियर सम्पन्न बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे थे। वर्तमान सरकार ने सोचा कि अब मौका आ गया है और हमने उसके लिए कदम उठाया। इस बात पर एक राय होने के लिए हम तो सबका स्वागत करते हैं। हम इन मामलों में राजनीति नहीं बरतते। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है, बाकी सब बाद में, और इसे दलगत राजनीति का वि्ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

पिछले दो साल में भारत की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। प्रतिपक्ष की नेता ने जो तस्वीर खींची है वह पूरे चित्र को प्रस्तुत नहीं करती। क्या यह सच नहीं है कि जी.डी.पी. की विकास की जो वार्िक विकास दर है, वह पहले कम थी और अब ज्यादा हुई है।

अध्यक्ष महोदय, पहले 5.00 प्रतिशत थी, अब 5.9 प्रतिशत है और यह और बढ़ेगी। हमारा अनुमान है 6.5 प्रतिशत तक बढ़ेगी। कुछ दशक पहले तो यह कहा जाता था

कि भारत की विकास की दर 2.00 प्रतिशत, 3.00 प्रतिशत ग्रोथ रेट है। अब यह विकास की दर बढ़ रही है। क्या यह सफल अर्थ नीति का परिणाम नहीं है? मुझे विश्वास है कि हम ग्रोथ रेट 7.00 प्रतिशत तक पहुंचाएंगे और 7.5 प्रतिशत या 8.00 प्रतिशत तक यह विकास की दर जाएगी। औद्योगिक उत्पादन 8.00 प्रतिशत से आगे जा चुका है। मार्च, 1998 में उसकी विकास दर 6.6 प्रतिशत थी। विदेशी मुद्रा का भंडार बढ़ा है। पहले 26 बिलियन डालर था अब 35 बिलियन डालर है। ये निर्जीव आंकड़े नहीं हैं। ये आंकड़े बदलती हुई और सुधरती हुई अर्थ-व्यवस्था का प्रतीक हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारा यह दावा नहीं है कि दो साल की हमारी नीतियों का नतीजा है। सचमुच में आर्थिक क्षेत्र में कुछ नीतियां हमें विरासत में मिली हैं। उनमें से कुछ ठीक हैं, कुछ गलत हैं।...(व्यवधान)

**श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर):** आपने गलत को ले लिया है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी:** गलत को हमने नहीं लिया है। अब हमें यह आश्चर्य है कि हमारे मित्रों ने जो नीतियां शुरू की थीं, अब वे उनसे वापस जा रहे हैं। क्या यह सच नहीं है कि सबसिडी के मामले पर कांग्रेस पार्टी के दृटिकोण में परिवर्तन आ रहा है। इस परिवर्तन का कारण क्या है?

**श्री माधवराव सिंधिया (गुना):** अध्यक्ष महोदय, यदि प्रधान मंत्री जी यील्ड करें और आप अनुमति दें, तो मैं कुछ कहना चाहता हूं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी:** अध्यक्ष महोदय, एक ग्वालियर वाला दूसरे ग्वालियर वाले के साथ ऐसा नहीं कर सकता।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** आप बटुकेश्वर के हैं या ग्वालियार के, पहले यह साफ कीजिए।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी:** हम तो लखनऊ के हैं।

अध्यक्ष महोदय, सबसिडी के सवाल पर देश को फिर से विचार करना होगा। सब राजनीतिक दलों को मिलकर सोचना होगा। गरीब की सबसिडी बनी रहे, गरीब को जहां सहायता देना आवश्यक है, उसका पूरा प्रबन्ध होना चाहिए। अन्न के लिए, पानी के लिए, आवास के लिए, गरीब के जीवन को सुधारने के लिए, उसके जीवन के स्तर को ऊंचा करने के लिए, आर्थिक क्षेत्र में जो भी कदम आवश्यक हैं, वे उठाए जाएंगे, लेकिन आप फर्टीलाइजर का मामला देखिए। किसान को उसका उतना लाभ नहीं मिलता जितना लाभ कारखाने वाले को मिल रहा है। दुनियां में यूरिया की कीमतें क्या हैं। हम चाहते हैं कि हमारे कारखाने चलें, लेकिन यूरिया के कारखाने बन्द हैं। ...(व्यवधान)

हां, हमें मालूम है, आप इन कारखानों को संयुक्त मोर्चा में छोड़कर गए थे। कितनी सबसिडी हो, जब मैं प्रतिपक्ष में था, तो हमारे कम्युनिस्ट मित्र पब्लिक सैक्टर की बात करते थे।...(व्यवधान)

**श्री सोमनाथ चटर्जी :** अभी भी कर रहे हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** हां, अभी भी कर रहे हैं।

**श्री सोमनाथ चटर्जी :** आप तो हमारे साथ थे। अब उधर चले गए हैं।....(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** उस समय भी हम कोटा परमिट राज के खिलाफ थे। â€¦( व्यवधान)

आप पब्लिक सैक्टर को कमांडिंग हाईट पर ले जाने की बात करते थे। आज क्या स्थिति हो रही है? मजदूर बेकार हो गये हैं। उन्हें वेतन देना मजबूरी है। â€¦( व्यवधान) जो कारखाने फिर से पुनर्जीवित नहीं हो सकते, उनके लिए क्या करें? आप भी पश्चिम बंगाल में वही कर रहे हैं। â€¦( व्यवधान)

**श्री सोमनाथ चटर्जी :** आप यूनिट वाइज बातचीत करिये। आपको कितनी दफा बोला है।

â€¦( व्यवधान) उनके टाइम में भी बोला है और आपके टाइम में भी बोला है। â€¦( व्यवधान) जो रिवाइव हो सकता है उसको आप रिवाइव कीजिए। â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** यही तो हम कर रहे हैं। â€¦( व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : I am challenging you. Mr. Prime Minister, you appoint somebody. Let us sit unit-by-unit. Let us consider it. Are you accepting that? ...(*Interruptions*) We have told that if any unit can never be revived, we shall agree to that. ...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** आप बंगाल से शुरू करिये। â€¦( व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठिये।

â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** हम आपसे सहयोग करेंगे। â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, please take your seat.

**श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) :** आप पहले रिवाइव करने के लिए कोशिश करिये। â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** हमने पब्लिक अंडरटेकिंग्स को तीन भागों में बांटा है। एक तो वे हैं जो लाभ में चल रहे हैं। â€¦( व्यवधान) दूसरा, वे हैं जिनको लाभ में चलाने का प्रयास किया जाना चाहिए, सफल हो सकता है। तीसरा, ऐसे हैं जिन्हें बंद करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। उनके भी मजदूरों का भविय क्या होगा, इस पर विचार करना होगा। इस नीति से किसी को मतभेद नहीं हो सकता। लेकिन आप पश्चिम बंगाल में जो कर रहे हैं, वह और जगह करने की इजाजत देने के

लिए तैयार नहीं हैं। â€¦( व्यवधान)

**श्री बसुदेव आचार्य :** बंगाल में कोई कारखाना बंद नहीं कर रहे हैं। â€¦( व्यवधान)

**श्री सुदीप बंद्योपाध्याय :** बंगाल में इंडस्ट्री चलती नहीं है। वह सब बंद कर दिया है। â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** ऐसी अंडरटेकिंग्स हैं जिन्हें मदद देकर चलाया जा सकता है तो हम उन पर विचार करने के लिए तैयार हैं। â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is this? When the hon. Prime Minister is giving the reply, this is not the proper way.

...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Your Ministers or Government do that. ...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** इसके लिए मंत्रियों का एक ग्रुप बनाया गया है। जो इस पर विचार करेगा। â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Topdar, you are a senior Member. How can you object to the hon. Prime Minister?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** मैं चाहूंगा कि आर्थिक सुधारों पर भी एक राय बननी चाहिए। â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Topdar, please take your seat. The hon. Prime Minister is giving the reply.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What is this? You are also a senior Member. You know the procedure.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No cross-talk, please. What is this?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** केवल पश्चिम बंगाल का मामला नहीं है। यह एक पार्टी का मामला नहीं है। हमारे कम्युनिस्ट मित्रों को याद होगा कि आई.डी.पी.एल. की फिर से जांच कराकर, उसे फिर से चालू करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। â€¦( व्यवधान)

**श्री रूपचन्द पाल (हुगली) :** यही तो हमारी मांग थी। â€¦( व्यवधान)

**श्री सोमनाथ चटर्जी :** अच्छा काम करेंगे तो हम बधाई देंगे। â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** वही तो नहीं देते हैं। â€¦( व्यवधान) एक बधाई लेने के लिए इतनी तकलीफ करनी पड़ती है। सब मिलकर बैठें और इस संबंध में विचार करें। â€¦( व्यवधान)

**कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) :** गोरखपुर का खाद कारखाना बंद पड़ा है। â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Kunwar Akhilesh Singh, what are you doing, please?

**श्री अटल बिहार वाजपेयी :** एक मुद्दा और है, जिसका मैं उल्लेख करना चाहता हूं, वह है संविधान की समीक्षा का। आज श्रीमती सोनिया गांधी जी ने उसको स्पर्श क्यों नहीं किया, मैं नहीं जानता।

शायद उन्होंने सोचा होगा कि सदन के बाहर इतनी बार उन्होंने इस विाय पर बोल दिया है कि अब बोलने की आवश्यकता ही नहीं है। मैं स्पट करना चाहता हूं कि संविधान समीक्षा आयोग के बारे में जो प्रचार हो रहा है।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** सही हो रहा है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** वह प्रतिठा को बढ़ाने वाला नहीं है। वह डा. अम्बेडकर का अपमान तो हो ही नहीं सकता।â€¦( व्यवधान)

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** समीक्षा आयोग एपाइंट करने का सरकार को कोई अधिकार नहीं है।

â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Athawale, please take your seat. This will not go on record.

*(Interruptions)**

MR. SPEAKER: Shri Athawale, please take your seat. Otherwise, I will take action against you.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is too much. Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The hon. Prime Minister is giving reply and you are not listening to him patiently.

...(*Interruptions*)

* Not Recorded.

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except hon. Prime Minister's speech.

*(Interruptions)**

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये प्लीज।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, संविधान पर चर्चा, जब से संविधान बना है, तब से चल रही है। संविधान में संशोधन भी हुए हैं, गम्भीर संशोधन हुए हैं। इमरजेंसी के दौरान क्या हुआ, किस तरह के कदम उठाये गये, मैं उसमें जाना नहीं चाहता।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** वह भी गलत था, यह भी गलत है।â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except hon. Prime Minister's speech.

*(Interruptions)**

MR. SPEAKER: Please take your seat. What is this? Shri Akhilesh Singh, what are you doing in the House?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record.

*(Interruptions)* *

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI (GARHWAL): Sir, we have listened to them without disturbing the House. Now they are disturbing the House...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** लेकिन जब हमने आयोग की बात शुरू की तो यह स्पट कर दिया था कि जो संविधान का बुनियादी ढांचा है और जिसमें सैक्युलर वाद भी है, उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।â€¦( व्यवधान) अगर नहीं है तो समीक्षा के बाद रख लिया जायेगा।

* Not Recorded.

MR. SPEAKER: Shri Athawale, you are always disturbing the House. Nothing should go on record.

*(Interruptions)* *

**अध्यक्ष महोदय :** पहले आप बैठ जाइये, मि. रामदास आठवले।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस पार्टी ने 1976 में सरदार स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी संविधान पर विचार करने के लिए, संशोधनों पर विचार करने के लिए बनाई थी, ए.आई.सी.सी. का प्रस्ताव है।â€¦( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** वे तो गलत कर ही रहे थे, आप भी करेंगे?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** क्या कहा था ?

SHRIMATI MARGARET ALVA (CANARA): Sir, that was a Party Committee and not a Government. I was a member of that Committeeâ€¦(*Interruptions*)

**श्री माधवराव सिंधिया :** अगर आप यील्ड करेंगे तो मैं दो मिनट में कह दूंगा।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are a senior Member. The Prime Minister is replying. If you have any clarification, you can ask that after the Prime Minister's reply. What is this? How can you do it now?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** क्या पार्टी का प्रस्ताव इसलिए था कि उस पर अमल न किया जाए ? आखिर पार्टी ने ऐसा प्रस्ताव क्यों किया ?

**श्री मुलायम सिंह यादव :** गलत किया।â€¦( व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** प्रस्ताव क्या है, आप सुनिए। मैं कोट कर रहा हूं-

> " The Congress, therefore, urges that our Constitution be thoroughly examined to ascertain if the time has not come to make adequate alterations to it so that it may continue as a living document, effectively responding to the current needs of the people and the demands of the present."

*Not Recorded.

यह आयोग क्या करेगा, क्या इससे अलग इसकी कोई टर्म्स आफ रेफरेंस हैं ! यह समीक्षा करेगा। समीक्षा का मतलब है दूसरी नजर डालनाâ€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except hon. Prime Minister's reply.

*(Interruptions) **

MR. SPEAKER: No interruptions, please.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the Prime Minister's reply.

*(Interruptions)**

MR. SPEAKER: What is this? I do not understand this. Nothing should go on record.

*(Interruptions)**

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): Sir, I appeal to the Leader of Opposition. We heard her in pin drop silence. Nobody interrupted her. Now, almost every time all her Members are interrupting....(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** यह कोई सवाल नहीं है। अध्यक्ष महोदय, आयोग में किस तरह के सदस्य हैं, यह कहने की आवश्यकता नहीं है। उनकी प्रामाणिकता पर, उनकी विश्वसनीयता पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। वे अपनी सिफारिशें देंगे। वे सिफारिशें संसद के सामने प्रस्तुत की जाएंगी। संसद अगर चाहेगी तो किसी

सिफारिश को स्वीकार करेगीâ€¦( व्यवधान) बाद में संविधान संशोधन के लिए विधेयक संसद में जाएगा, जिसे स्वीकृत होने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। आपको इतनी चिंता क्यों हो रही है। इस तरह की चिंता करने का कोई कारण नहीं हैâ€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the Prime Minister's speech.

*(Interruptions)**

** Not Recorded.*

MR. SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is too much. Shri Ramdas Athawale, this is too much. Please take your seat.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** कुछ माननीय सदस्यों की यह उत्तेजना इस बात की परिचायक नहीं है कि उनका पक्ष प्रबल है और तर्क संगत है। संविधान पर लगातार विचार होता रहा है, संविधान में आगे भी विचार होगा। पहले भी संविधान संशोधन हुए थे, आगे भी होंगे। संविधान कोई जड़ वस्तु नहीं है

â€¦( व्यवधान)

**श्री प्रकाश यशवंत अम्बेडकर (अकोला) :** संसद में विचार क्यों नहीं हो रहा है ?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** आयोग की जब रिपोर्ट आएगी, संसद में विचार होगा।â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Prakash Ambedkar, please take your seat. Nothing should go on record except the hon. Prime Minister's speech. Please take your seat.

*(Interruptions)* *

MR. SPEAKER: Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No cross-talk please.

...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, पार्लियामेंट की कमेटी भी बनायी जा सकती थी।...(व्यवधान) लेकिन आयोग बनाने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।...(व्यवधान)आप बैठिए। आयोग में जो गणमान्य सदस्य बैठे हैं, आप उनकी प्रमाणिकता पर उंगली उठा रहे हैं।...(व्यवधान) उन पर आपको आपत्ति है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Prakash Ambedkar, please take your seat. If you have anything, you can ask the Prime Minister afterwards, not now.

...(*Interruptions*)

* Not recorded.

MR. SPEAKER: Shri Ramdas Athawale, you are always disturbing the House.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Is it not the reply of the Prime Minister? Tell me.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the hon. Prime Minister's speech.

*(Interruptions) ...(Not recorded)*

MR. SPEAKER: This is too much.

...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, संस्कृत में कहावत है कि जब तर्क साथ नहीं देता और जब आप अपनी बात बुद्धि से प्रमाणित नहीं कर सकते, मनवा नहीं सकते तो फिर शोम् कोपेण पूर्ये। जो कमी है, उसे आप अपने क्रोध से पूरा करते हैं।...(व्यवधान)

**श्री चन्द्रशेखर (बलिया, उ.प्र) :** अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी को कोई डिस्टर्ब न करे, यह ठीक है लेकिन प्रधान मंत्री जी इस बारे में आपके साथ कोई तर्क नहीं है, आपने जो काम किया है, वह भूल की है।...(व्यवधान) और जोर से बोलिए। आप शोर करें, इससे मेरे ऊपर असर नहीं पड़ेगा।...(व्यवधान) Let them speak like this. मैं निवेदन करूंगा कि संविधान प्रतिनिधियों के जरिये बना है। अगर उसकी समीक्षा करनी थी तो सरकार के लिए यह उचित मार्ग था कि संसद में आते और कहते कि इस तरह का हम कमीशन बनाने जा रहे हैं। आपका बहुमत था। आप उस काम को आसानी से कर सकते थे लेकिन आपने गलत समय पर संविधान की मर्यादा का, इस संसद की मर्यादा का उल्लंघन किया है, सरकार को इसे स्वीकार करना चाहिए।...(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** मुझे खुशी है कि चन्द्रशेखर जी ने आयोग बनाने का विरोध नहीं किया है, जिस ढंग से आयोग बनाया गया है, उसकी आलोचना की है। प्रक्रिया के संबंध में मतभेद हो सकता है।...(व्यवधान)

**श्री चन्द्रशेखर :** व्यक्तियों के बारे में मेरा मतभेद नहीं है क्योंकि मैं नहीं जानता कि वे व्यक्ति कौन हैं लेकिन यहां पर भी संविधान जानने वाले आपके ही बहुत से सदस्य हैं। यहां पर नारीमन जैसे आदमी है, यहां पर आनन्द जैसे लोग हैं, संसद में बहुत से ऐसे सदस्य हैं।...(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** रिपोर्ट यहीं आएगी।

**श्री चन्द्रशेखर :** मेरी यही कहना है कि संविधान के अंदर हस्तक्षेप किसी बाहरी आयोग के जरिये करना संविधान और संसद की मर्यादा के खिलाफ है। अगर आप संविधान के बारे में जानते हैं तो बात करिए।...(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** पहले भी आयोगों का गठन हुआ है और आगे भी होगा।...(व्यवधान)

**श्री चन्द्रशेखर :** एक बार हुआ था, जब स्वर्ण सिंह कमेटी बनी थी और उसमें प्रधानमंत्री जी, मैं और आप दोनों एक राय के थे कि वह गलत काम हुआ है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए, प्रधान मंत्री जी रिप्लाई दे रहे हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** मैं समाप्त कर रहा हूं।...(व्यवधान)

**श्री माधवराव सिंधिया :** हमें भी बोलने का मौका दिया जाए। ...(व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Will the hon. Prime Minister yield for a minute? ...(*Interruptions*) Today he is not yielding. I do not know why. Generally he does. ...(*Interruptions*) He is very uneasy about this point. ...(*Interruptions*)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, आयोग के सवाल पर अगर मतभेद हैं तो मैं निवेदन करूंगा,...(व्यवधान)

**सरदार बूटा सिंह (जालौर) :** उसे वापस करो।...(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** आप अपने मतभेद वापस ले लीजिए, इनमें कोई दम नहीं है, इनके पीछे कोई तर्क नहीं है। वे प्रक्रिया से संबंधित हैं। अब जो उसका मूल है,...(व्यवधान) आपका बहुमत है, राज्य सभा में तो आप पास होने ही नहीं देंगे।...(व्यवधान) मगर देश में चर्चा हो।...(व्यवधान) 50 साल से इलैक्शन हो रहे हैं और सब लोग अनुरोध कर रहे हैं कि इलैक्शन की प्रक्रिया में कुछ संशोधन करने की जरूरत है।...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** वह तो इलैक्शन कमीशन कर देगा।...(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** इलैक्शन कमीशन कर रहा है। वह कर सकता है, हम लोग नहीं कर सकते।...(व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Hon. Prime Minister, will you kindly yield for just a minute? ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : No, he is not yielding.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Nothing should go on record.

*(Interruptions) **

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** क्या सरकार आयोग बना कर उस पर विचार नहीं कर सकती।...(व्यवधान) क्या संशोधन होना चाहिए, क्या परिवर्तन होना चाहिए,

इस पर आयोग विचार करके अपनी रिपोर्ट देगा, वह रिपोर्ट पार्लियामेंट के सामने जाएगी और पार्लियामेंट अगर संशोधन करेगी तो फिर वह संशोधन के रूप में आएगा। लेकिन ऐसा है कि प्रतिपक्ष ने तय कर लिया है कि कोई भी काम सत्ता पक्ष करे, उसका विरोध करना है। इसके अलावा आपके पास कोई मुद्दा नहीं है। मैं चाहता हूं कि आप इस पर पुनर्विचार करें। इस सवाल पर, जिसमें कोई बुनियादी मतभेद नहीं हैं, सदन को, देश को बांटने का कोई लाभ नहीं है। हम आपका सहयोग चाहते हैं और हमें विश्वास है कि आप अपना सहयोग देकर देश में एक सामान्य वातावरण बनाने में हमारी मदद करेंगे।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Is it the decorum of the House to disturb when the Leader of the House is speaking?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Even senior Members are disturbing.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Nothing should go on record except the speech of hon. Prime Minister.

*(Interruptions) **

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** इस देश के भविय को बनाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक आम राय की ज़रूरत है, लेकिन मैं देख रहा हूं कि प्रारम्भ के कुछ दिनों को छोड़ कर, जो सबसे बड़ा विरोधी दल है वह अपनी लोकप्रियता को खोया हुआ देख कर हर बात का विरोध करने का प्रयास कर हा है। उसका रवैया नकारात्मक है।...(व्यवधान) अभी कई प्रदेशों में सूखा है।...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** आपने धन्यवाद दिया था कि कांग्रेस के लोग सहयोग कर रहे हैं।...(व्यवधान) अब आप कह रहे हैं कि ये विरोध करते हैं। क्या विरोध करते हैं?â€¦(व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** आप आपस में तय कर लीजिए।...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** सोनिया गांधी जी का आभार व्यक्त करते हैं और कहते हैं कि ये विरोध करते हैं।...(व्यवधान)

*Not Recorded.

**श्री राजेश पायलट (दौसा) :** अध्यक्ष महोदय, हमने हमेशा इसका विरोध किया है और करते रहेंगे।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदय, इनकी आपस में मिली-भगत है। पूरा देश जानता है कि समाजवादी पार्टी बीजेपी से लड़ रही है और कांग्रेस पार्टी समाज् वादी पार्टी से लड़ रही है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** अध्यक्ष महोदय, देश के कई भाग सूखे से पीड़ित हैं, परिस्थिति गंभीर है और सदन में इस पर चर्चा हो चुकी है। सभी माननीय सदस्य चिंता में शामिल हैं। राजस्थान, गुजरात, आंध्र और मध्य प्रदेश में भी â€¦( व्यवधान) इसलिए मैंने सब प्रदेशों के नाम नहीं गिनाए थे। किसी प्रदेश को छोड़ने का हमारा इरादा नहीं है। सबको सहायता देना हमारा लक्ष्य है। यह ऐसा मामला है जिसमें राजनीति नहीं आनी चाहिए लेकिन उड़ीसा के मामले में दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ, राजनीति लाई गयी और यह कहा गया कि इसको सबसे बड़ी आपदा घोति क्यों नहीं करते। ऐसा करना कोई आवश्यक नहीं था और हमने पूरी सहायता की।

**श्री माधवराव सिंधिया :** आप इस पर खुद एक विस्तृत चर्चा लाने जा रहे हैं। आपका इरादा क्या है, समझ में नहीं आता।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** आप समझना चाहते हैं? अध्यक्ष महोदय, हमारी तरफ से पूरी सहायता देने की कोशिश हो रही है। सब दल मिलकर इसमें काम करें, आज इस बात की आवश्यकता है। जानवरों के लिए चारे का प्रबंध किया जा रहा है, रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। पीने के पानी का प्रबंध आवश्यक है और उसके लिए कदम उठाये जा रहे हैं। आपस में मतभेद रखते हुए भी ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हम मिलकर काम कर सकते हैं। मैं सारे सदन का सहयोग निमंत्रित करता हूं और इसके लिए आज एक सर्वदलीय बैठक की भी योजना बनाई गयी है। उसमें आप भाग लें, सुझाव दें। प्रदेश सरकारों का रंग क्या है, उसके आधार पर केन्द्र मदद करेगा या नहीं करेगा, यह सवाल पैदा नहीं होता। हम सबकी मदद करेंगे। सब भारत के वासी हैं, सब देशवासी हैं और जो भी मुसीबत में है उनके लिए सहायता देना हमारा कर्तव्य है और हम सहायता देंगे। इसमें आपका योगदान ज़रूरी है।

अध्यक्ष महोदय, मैंने बहुत ज्यादा समय ले लिया। मेरा इरादा तो बहुत छोटा भाण करने का था, लेकिन इनके कारण भाण लम्बा होता गया, लम्बा होता गया। मैं सदन का आभारी हूं। â€¦( व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, अब मैं अपना भाण समाप्त कर रहा हूं। धन्यवाद।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: A number of amendments have been moved by Members on the Motion of Thanks. Shall I put all the amendments to the vote of the House together or does any hon. Member want any particular amendment to be put to vote separately?

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA: Sir, I want that my amendment be put to the vote of the House separately. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, what is your amendment number?

SHRI BASU DEB ACHARIA: Sir, it is amendment number 276. This is regarding rise in prices of essential commodities which has hit the common people in our country. ...(*Interruptions*) Sir, he has not spoken anything about rise in prices of essential commodities. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: On the Motion of Thanks, many hon. Members asked questions and the hon. Prime Minister gave the reply also.

...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : The Prime Minister has not spoken anything about the rising prices of essential commodities. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please cooperate with the Chair. Shri Madhavrao Scindia, how many times has the hon. Prime Minister given the reply? How many times has he intervened? Please understand that. What is this?

...(*Interruptions*)

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: It will always happen, Sir. Every Speaker has given a chance. We have a right to seek clarifications. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is very unfortunate.

...(*Interruptions*)

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, this is not the correct way. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Can you tell me how many times has the hon. Prime Minister intervened and given replies to a number of hon. Members? What is this?

...(*Interruptions*)

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, you are protecting the Prime Minister. I just want to seek one clarification. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, which amendment do you want to move separately?

SHRI BASU DEB ACHARIA: I want to move my amendment No. 276 and I want to read it. ...(*Interruptions*)

**श्री माधवराव सिंधिया (गुना) :** अध्यक्ष महोदय, मैं एक स्पष्टीकरण चाहता हूं। उसे उठाने की इजाजत दी जाए। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: How many times has the hon. Prime Minister intervened?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, what is the amendment that you want to move separately?

...(*Interruptions*)

**श्री माधवराव सिंधियाः** इस डिबेट के बाद एक-दो शब्द स्पष्टीकरण के तौर पर कहने की इजाजत मिलनी चाहिए। ...(व्यवधान)

SHRI PRAMOD MAHAJAN: It seems that some Members would interrupt and some Members would seek clarifications and, that way, they want to have the advantage of both. ...(*Interruptions*)

SHRI MADHAVRAO SCINDIA : What is the problem if I seek a clarification? Is it not a democratic process? ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: When the Leader of the House was speaking, you did not have patience. How many times has the hon. Prime Minister been interrupted? How many times has he intervened? What is this?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What clarification do you want?

**श्री माधवराव सिंधिया**: अध्यक्ष महोदय, मैं सोचता हूं कि यह बड़े आश्चर्य की बात है ...(व्यवधान) आपने अभी चन्द्रशेखर जी को बोलने की इजाजत दी और हमने कोई आपत्ति नहीं उठाई। हमें खुशी है कि आपने उन्हें बोलने की इजाजत दी। स्पष्टीकरण के तौर पर अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए। मैंने अनुशासित रूप से प्रधान मंत्री जी की बात सुनी। ...(व्यवधान) मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि आदरणीय प्रधान मंत्री ने संविधान समीक्षा की बात उठाई। हमने उसके बारे में विस्तृत चर्चा करने की मांग उठाई थी।

MR. SPEAKER: It has already been replied.

**श्री माधवराव सिंधिया**: आपने उसकी इजाजत दी। हम इसके लिए आपको धन्यवाद देते हैं। हमें मात्र इस बात की घोर आपत्ति है और हम इसका घोर विरोध करेंगे कि संसद के चुने हुए प्रतिनिधियों को नजरअन्दाज करके तथा संसद की गरिमा का उल्लंघन करके संविधान समीक्षा कमेटी नियुक्त की गई। आप कन्सैंसस की बात करते हैं। आपने इस बारे में न तो हम से सलाह मशविरा किया और न ही मंथन किया। आप समन्वय की बात करते हैं लेकिन आपने विचारों का आदान-प्रदान नहीं किया। आपने इनका पूरी तरह से परित्याग कर दिया। आप कम से कम हमें कॉनफिडेंस में लेकर इसकी चर्चा करते।

जहां तक स्वर्ण सिंह कमेटी की बात है, बड़े खेद की बात है कि बार-बार प्रधान मंत्री देश में इस कमेटी के बारे में असमंजस पैदा करना चाहते हैं। स्वर्ण सिंह कमेटी पार्टी की कमेटी थी। अगर भारतीय जनता पार्टी कोई कमेटी नियुक्त करे, हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन सरकार नहीं कर सकती।

The Cabinet is a creature of Parliament. Here, the Cabinet bypassed it and appointed a Review Committee to review the Constitution. This is our opinionâ€¦.(Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, which Amendment of yours would you like to be put separately?

SHRI BASU DEB ACHARIA : I would like my Amendment No.276 to be put separately. It reads like this:-

That at the *end* of Motion, the following be *added,* namely:-

> "but regret that there is no mention in the Address about the rise in price of essential commodities which has hit the common people in the country. " (276)

It is regarding rise in the prices of essential commodities which has hit the common people in the country.

MR. SPEAKER: I put Amendment No.276 moved by Shri Basu Deb Acharia to vote.

*The amendment was put and negatived.*

SHRI RUPCHAND PAL: I would like my amendment No.365 to be put separately. It reads like this:

That at the *end* of the motion, the following be *added*, namely:-

> "but regret that there is no mention in the Address about the unprecedented rise in the prices of essential commodities thus making them beyond the reach of the common man. " (365)

MR. SPEAKER: I now put Amendment No.365 moved by Shri Rupchand Pal to vote.

*The amendment was put and negatived.*

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Mr. Speaker, Sir, it is a very unfortunate situation. Every hon. Member who participated in the debate spoke about this issue and yet the Prime Minister has not replied to it. It seems the Government is not at all concerned over the rise in prices of essential commodities and that is why the Prime Minister had nothing to say on this. Is this the way a Government should function? We must register our strong protest over the deliberate act of omission on the part of the Prime Minister in not responding to this issue and, therefore, we walk out of the House.

1331 hours

*(At this stage, Shri Somnath Chatterji and some other*

*hon. Members left the House.)*

MR. SPEAKER: I shall now put all other Amendments to the vote of the House.

*The amendments were put and negatived.*

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली)**; अध्यक्ष महोदय, मूल्य वृद्धि द्वारा गरीबों के गले पर छुरा चलाया गया है और प्रधानमंत्री ने अपने उत्तर में कुछ नहीं बोला, इसलिये इसके विरोध में मैं और पूरा राष्ट्रीय जनता दल सदन का बहिष्कार करता है।

1332 hours

*(At this stage, Dr. Raghuvansh Prasad Singh and some other*

*hon. Members left the House.)*

MR. SPEAKER: The question is:

"That an Address be presented to the President in the following terms:-

'That the members of the Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the 23rd February, 2000'. "

*The motion was adopted.*

*1332 hours*

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till thirty minutes

*past Fourteen of the Clock.*